Presentation of the Report of the Joint Committee on The Waqf (Amendment) Bill, 2024

माननीय अध्यक्ष : आइटम नं. 24, श्री जगदम्बिका पाल ।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : अध्यक्ष महोदय, मैं वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 संबंधी संयुक्त समिति का प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, प्लीज, आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर बैठिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर बैठिए । माननीय गृह मंत्री जी कुछ कहना चाहते हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर बैठिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपके जो विषय हैं, उनको गृह मंत्री जी बता रहे हैं ।

? (व्यवधान)

गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह) : माननीय अध्यक्ष जी, विपक्ष के कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई है कि इनके जो विमत हैं, डिस्प्यूट्स हैं, उनको पूरी तरह से नहीं रखा गया है । मैं अपनी पार्टी की ओर से आपको विनती करना चाहता हूं कि विपक्ष के जो डिस्प्यूट्स हैं, क्षीर-नीर करके आप संसदीय कार्यपालिका के उपयुक्त रूप में जो जोड़ना है, वह जोड़ें । इसमें मेरी पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मुझसे वक्फ बोर्ड के माननीय सदस्य मिले थे । वक्फ बोर्ड के माननीय सदयों से जिन-जिन विषयों पर चर्चा हुई है, उनको मैंने एनैक्श्चर में शामिल कर लिया गया है ।